सेंट्रल ज़ोन स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में पूसा संस्थान *बना ओवरऑल चैंपियन*

पूसा संस्थान, जोकि कृषि अनुसंधान, शिक्षण और प्रसार में प्रमुख संस्थान है, ने खेल के क्षेत्र में भी अपना लोहा मनवाया है। भा.कृ.अनु.प.-सेंट्रल जोन स्पोर्ट्स टूर्नामेंट, का आयोजन भा.कृ.अनु.प. - भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर, मध्य प्रदेश द्वारा दिनांक 3 से 6 जनवरी, 2023 तक देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर, मध्य प्रदेश के खेल के मैदानों पर किया गया था। इस टूर्नामेंट में ***भा.कृ.अनु.सं. ने कुल 15 स्वर्ण, 9 रजत और 7 कांस्य पदकों के साथ इस वर्ष की ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की । पूसा संस्थान की वैज्ञानिक डॉ. इंदु चोपड़ा को सर्वश्रेष्ठ एथलीट (महिला) का पुरस्कार भी दिया गया।*** इस वर्ष भा.कृ.अनु.प. के 15 संस्थानों ने स्पोर्ट्स मीट में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्री शंकर लालवानी एवं राष्ट्रीय एथलीट श्री प्रशांत महंत तथा सुश्री पूजा गोमे (ताइक्वांडो की चैंपियन) थे, जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए। केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल और राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, नागपुर ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। पूसा संस्थान नई दिल्ली ने कबड्डी, वॉलीबॉल (शूटिंग), बास्केटबॉल, टी -10 क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन डबल्स (पुरुष और महिला), 4 x 100 मीटर रिले रेस (पुरुष और महिला), सर्वश्रेष्ठ मार्च पास्ट जैसी टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। पूसा संस्थान ने शानदार प्रदर्शन कर 100 तथा 800 मीटर दौड़ (पुरुष), भाला फेंक (पुरुष), साइकिल दौड़, 100 मीटर दौड़ (महिला), ऊंची कूद तथा लंबी कूद (महिला), शॉट पुट (महिला) जैसी व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी स्वर्ण पदक जीते। भा.कृ.अनु.सं. ने 200, 400, 800 और 1500 मीटर पुरुषों की दौड़, 200 मीटर महिलाओं की दौड़, भाला फेंक (महिला), शतरंज (महिला), टेबल टेनिस (महिला) में रजत पदक प्राप्त किए। पूसा संस्थान के निदेशक, डॉ. अशोक कुमार सिंह ने सेंट्रल जोन स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में संस्थान का नाम रोशन करने के लिए सभी खिलाडियों को बधाई दी।

तियोगिता-2022
TS M - 2022
DEVI AHILYA VISHWAVIDYALAYA
1
2
3

IARI bagged overall championship in ICAR- Central Zone Sports Tournament held at IISR, Indore from 3-6 Jan 2023

The PUSA Institute which is the premiere institute in agricultural research, teaching and extension has proven its mettle in the Sports field too. During ICAR- Central Zone Sports

Tournament, which was hosted by ICAR- Indian Institute of Soybean Research, Indore, Madhya Pradesh on the playgrounds of Devi Ahilya Vishwavidyalaya University (DAVV), Indore, Madhya Pradesh from Jan 3-6, 2023; ***IARI bagged the overall championship of this year with a total of 15 gold, 9 silver and 7 bronze medals***. This year fifteen ICAR institutes participated in the Sports Meet. The Chief guests of the programme were Member of Parliament Shri Sankar Lalwaani and national athletes Shri Prashant Mahant and Miss Pooja Gome (Champion of Taekwondo), who also distributed the awards to the winners. The institutes CIAE, Bhopal and NBSSLUP, Nagpur, emerged as the second and third Champions respectively. The best athlete (woman) was awarded to Dr Indu Chopra of IARI, New Delhi. IARI performed stupendously by winning gold in team events like Kabbaddi, Volleyball (Shooting), Basketball, T-10 Cricket, Football, Badminton Doubles (Men and Women), 4 x 100 m Relay Race (Men and Women), and Best March Past. IARI equally performed superbly and earned gold medals in Individual events like 100 and 800 m Running (men), Javelin throw (Men), Cycle Race, 100 m Running (women), High Jump and long Jump (women), and Shot put (women). IARI secured silver in 200, 400, 800 and 1500 m men’s Running, 200 m women’s Running, Javelin throw (women), Chess (women), Table tennis (women). IARI also secured Bronze in 100, 200, 400 m running (men), high jump (men), Shot Put (men and women), and Discuss Throw (Women). Director, ICAR-IARI, Dr A K Singh congratulated all the winners for bringing laurels to the institute in ICAR-Central Zone Sports Tournament.